प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 21.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस आज–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा करेंगे शिरकत।
- विधानसभा में राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित।
- प्रदेशभर में शीतला सप्तमी श्रद्धा भाव से मनायी जा रही है–माता को लगाया जा रहा है ठण्डे पकवानों का भोग।
- मौसम में लगातार बदलाव जारी–अधिकतम तापमान में गिरावट–न्यूनतम तापमान में बढोतरी।

.....................

आज अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस है। दुनियाभर में वनों के महत्व को उजागर करने और उनके प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर साल 21 मार्च को यह दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है वन और खाद्य पदार्थ। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेंटर में रखा गया है। इस समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री, वन प्रशिक्षण और प्रबंध संस्थान का शिलान्यास करेंगे। साथ ही सीता माता वन्य जीव अभ्यारण्य में ईको ट्यूरिज्म सुविधाओं और भरतपुर तथा नाहरगढ बॉयोजिकल पार्क में इलेक्ट्रॉनिक गॉल्फ कार्ट प्रदेश की जनता को समर्पित करेगे। समारोह में वन मित्रों को किट भी वितरित किये जायेंगे। फील्ड में काम करने वाली वन विभाग की महिला कार्मिकों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरजीत बनेर्जी ने बताया कि इस अवसर पर वन विभाग की ओर से तैयार किये गये एप–डीजी वन की शुरूआत की जायेगी। ये फोरेस्ट हैल्थ मॉनिटरिंग एप है। इसके जरिये कहां पर किस तरह के पौधे लगाने है इसकी जानकारी मिलेगी। साथ ही अब तक जो भी पौधे लगाये गये है उनके बारे में भी जाना जा सकेगा। श्री बेनर्जी ने बताया कि आने वाले दिनों इसे आमजन के लिए भी उपलब्ध कराया जायेगा।

.....................

हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां भी वन दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर वन संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है।

.....................

विधानसभा में कल राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियां (संशोधन) विधेयक, 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया है। इस विधेयक के तहत अब विश्वविद्यालयों में कुलपति के बजाए कुलगुरू कहलाएंगे। उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि संशोधन के अनुसार राज्य के 33 वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में कुलपति और प्रतिकुलपति के पदनामों में बदलाव कर इन्हें कुलगुरू और प्रतिकुलगुरू किया गया है। श्री बैरवा ने कहा कि यह हमारे विश्वविद्यालयों को पुनः श्रद्धा का केंद्र बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे भारत की महान गुरु–शिष्य परंपरा का पुनर्जागरण होगा।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर के दौरे पर रहेंगे। वे जय नारायण व्यास विश्वद्यालय और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इससे पहले कल राज्यपाल ने नागौर के जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साल 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प में सभी को सहयोग देना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बौद्धिक रूप से मजबूत करने की जरूरत है, जब ये पीढी बौद्धिक रूप से मजबूत होगी तो देश खुशहाल होगा। उन्होंने अधिकारियों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का बेहतरीन क्रियान्वयन करने को कहा। श्री बागडे ने हरियालो राजस्थान अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पौधे लगाए और घने जंगल के रूप में विकसित करने के भी निर्देश दिए।

.........................

उदयपुर में आज से दिव्य कला मेला आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे। यह मेला देश के 20 राज्यों से करीब 75 दिव्यांग उद्यमियों और शिल्पकारों द्वारा बनाए गए गृह सज्जा, उत्पाद, कपड़े और परिधान, स्टेशनरी, पर्यावरण, पैकेज्ड फूड और जैविक उत्पाद के साथ खिलौने और आभूषण जैसे उत्पादों और उनकी हस्तकला को प्रदर्शित करने का एक अनूठा अवसर होगा।

....................

जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुससंधान संस्थान केन्द्र में कल श्री अन्न पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने कहा कि देश में मोटे अनाज उत्पादन करने वाला राजस्थान अग्रणी राज्य शत बाजरा उत्पादित करता है। वहीं ज्वार के क्षेत्रफल और उत्पादन है। **प्रदेश बाजरे के उत्पादन में पहले स्थान पर है, जो देश का 42 प्रति में राज्य का तीसरा स्थान है।** उन्होंने कहा कि श्री अन्न स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। श्री अन्न पौष्टिकता के साथ–साथ विषम परिस्थितियों में भी पैदा होने वाला अन्न है।

....................

प्रदेशभर में आज शीतला सप्तमी के उपलक्ष्य में शीतला माता की पूजा अर्चना की जा रही है। ये पर्व चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी और अष्ठमी को मनाया जाता है। इस दिन स्वच्छता और आरोग्य की देवी शीतला माता की पूजा की जाती है और उन्हें ठण्डे पकवानों का भोग लगाया जाता है। इस मौके पर कई स्थानों पर मेले भी भरते हैं। राज्यपाल श्री बागडे ने शीतला सप्तमी और अष्टमी पर्व पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शीतला माता से सभी को स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की कामना की है। बाड़मेर में आज शीतला सप्तमी पारंपरिक श्रद्धा और आस्था से मनाई जा रही है। इस अवसर पर गुड़ामालानी इलाके में भेडाणा स्थित शीतला माता के मंदिर पर मेला भर रहा है। भीलवाड़ा जिले में हर्ष और उल्लास से शीतला सप्तमी का पर्व मनाया जा रहा है। वहीं आज ही के दिन जिले में रंग गुलाल भी खेला जा रहा है। सवाईमाधोपुर में शीतला माता को ठंडे गुलगुले, लापसी, मीठे चावल और अन्य पकवानो का भोग लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि इस बार शीतला अष्टमी शनिवार को होने के कारण माता का पूजन आज किया जा रहा है। इधर राजधानी जयपुर में भी इस पर्व को बास्योडा के रूप में मनाया जाता है। जयपुर के चाकसू में स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है।

....................

पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण ने एकीकृत पेंशन योजना–यूपीएस अमल में आने की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली–एनपीएस के कर्मचारियों को एकीकृत पेंशन योजना मे लाने के लिए इस साल जनवरी में जारी अधिसूचना का अनुसरण है। प्राधिकरण ने कहा है कि एकीकृत पेंशन योजना से संबंधित नियम अगले महीने पहली अप्रैल से लागू होंगे।

....................

मौसम विभाग ने आज से प्रदेश में आगामी तीन–चार दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। शहरों में दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी देखी गई है। बाड़मेर में पारा 33 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं चित्तौडगढ़, जैसलमेर, फलौदी, धौलपुर, जालौर, दौसा और पाली में भी दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 24 मार्च से प्रदेश में गर्मी बढने के आसार हैं।

....................